CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
Tital Code:RAJHIN27921

# दैनिक मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com
मो.7014373732

वर्ष: 01 | अंक: 85 | जयपुर | 3 नवंबर 2022 | गुरुवार | मूल्य: रु. 2 | पृष्ठ: 06



## इंडिया ने बांग्लादेश को 5 रन से हरा दिया



दिल्ली. टी-20 वर्ल्ड कप में बुधवार को एक सांस रोक देने वाले अहम मुकाबले में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को 5 रन से हरा दिया। इसके साथ ही टीम इंडिया सेमीफाइनल के बिल्कुल करीब पहुंच गई। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब उल हसन ने टॉस जीता और टीम इंडिया को पहले बैटिंग का न्योता दिया। लोकेश राहुल, विराट कोहली की हाफ सेंचुरी और सूर्या के कैमियो की मदद से भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 184 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश के ओपनर लिटन दास ने जबरदस्त शुरूआत की। बारिश शुरू होने के पहले बांग्लादेश ने 7 ओवर में 66 रन बनाए थे और उसका कोई विकेट नहीं गिरा था। बहरहाल, बारिश रुकने के बाद बांग्लादेश को डकवर्थ-लुईस नियम के तहत 16 ओवर में 151 रन का रिवाइज्ड टारगेट मिला। यहीं से रोहित की टीम ने खेल पलट दिया और बांग्लादेश हार गई।

## 5 वर्षीय बच्ची पांच मंजिला मकान से गिरी,मौत

जयपुर. विद्याधर नगर सेक्टर-8 में पांच मंजिला मकान की छत से गिरने से पांच वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। घायल अवस्था में परिवार के लोग बच्ची को लेकर एसएमएस पहुंचे जहां कुछ समय के उपचार के बाद बच्ची ने दम तोड़ दिया। विद्याधर नगर थाने के एसएचओ वीरेंद्र कुरील ने बताया कि पांच वर्षीय आलिया अपनी मां के साथ छत पर गई। मां कपड़े सुखाकर नीचे उतरी इस दौरान बच्ची छत से नीचे गिर गई। बच्ची पहले केबल पर गिरी फिर वह सड़क पर गिरी। आसपास शोर होने पर बच्ची की मां को जानकारी मिली इस पर पूरा परिवार बच्ची को लेकर एसएमएस अस्पताल पहुंचा जहां पर डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया लेकिन बच्ची की कुछ समय बाद मौत हो गई। लड़की के पिता शारुख ने बताया कि वह शहर में ई-रिक्शा चलाकर जीवन यापन कर रहा हैं। वह और उनकी पत्नी अपने दो बच्चों के साथ करीब 15 दिन पहले विद्याधर नगर में रहने लगे थे। वह जीवन में कुछ अच्छा करने और बच्चों का भविष्य बनाने के मकसद से जयपुर आए थे। घटना से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ हैं। आज सुबह मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद बच्ची का शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## अवैध खनन रोकने पर रॉयल्टी कर्मियों को पीटा:10 लोगों ने सरिए से किया हमला

जालौर। जालोर के बिशनगढ़ थाना क्षेत्र में रॉयल्टी कर्मचारियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। -जालोर के बिशनगढ़ थाना क्षेत्र में रॉयल्टी कर्मचारियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मंगलवार रात को अवैध बजरी खनन रोकने गई रॉयल्टी कर्मियों की 10 लोगों ने पिटाई कर दी। आरोपियों ने रॉयल्टी कर्मियों की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की।रॉयल्टी कर्मचारी विजय सिंह ने बताया कि मंगलवार रात को करीब 2 बजे एसपी द्वारा गठित ऊ़ळ टीम ने केशवना-उमेदाबाद नदी क्षेत्र से एक खउइ को अवैध खनन करते पाए जाने पर खउइ को जब्त कर उमेदाबाद चौकी में रखवाया था। उसके कुछ देर बाद जेसीबी का मालिक बोलेरो कैंपर लेकर 10 से 12 लोगों के साथ वह पहुंचा।

### खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियाचास ने ब्यूरोक्रेसी के हावी होने को लेकर सीएम गहलोत को चिट्ठी लिखकर जताई नाराजगी

# सीएम साब आईएएस अफसरों की एसीआर आप मत लीखिए... एसीआर मंत्रीयों को लिखने दें...

जयपुर. खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियाचास ने ब्यूरोक्रेसी के हावी होने को लेकर खुलकर नाराजगी जताई है। खाचरियावास ने सीएम के प्रमुख सचिव कुलदीप रांका और खाद्य विभाग से ट्रांसफर किए गए सचिव को निशाने पर लेते हुए कार्रवाई की मांग उठाई है। खाचरियावास ने सीएम गहलोत को चिट्ठी लिखकर नाराजगी जताई है। उधर कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने खाचरियावास की बात का समर्थन करते हुए ब्यूरोक्रेसी को निशाने पर लिया है। प्रतापसिंह खाचरियावास ने कहा हमारा 46 हजार टन गेहूं लैप्स हो गया। यह महीने भर पहले की बात है। मैंने बैठक बुलाकर अफसरों को डांटा। मैंने सख्त आदेश दिए। जिस तरह आईएएस अफसर काम कर रहे हैं। वह सही नहीं है। जिन अफसरों ने जनता का गेहूं लैप्स करवा दिया। ऐसे अफसर के खिलाफ कार्रवाई के लिए मैंने सीएम को लिखा है। मैंने सीएम के प्रमुख सचिव कुलदीप रांका को फोन किया। सीएम के प्रमुख सचिव की जिम्मेदारी नहीं है क्या? यह सवाल बीजेपी कांग्रेस का नहीं है। मैंने सीएम को पत्र लिखा है कि आईएएस अफसरों की एसीआर (एनुअल कॉन्फिडेंशियल रिपोर्ट) आप मत लीखिए। एसीआर हमें लिखने दीजिए। अलग अलग विभागों में अलग-अलग मंत्री हैं। दूसरे राज्यों में आईएएस अफसरों की एसीआर मंत्री भरते हैं। आप जब मंत्रियों को एसीआर भरने का अधिकार देंगे तब आईएएस अफसर सुधरेगा। नहीं तो वो बात नहीं मानेगा। खाचरियावास ने कहा अफसर की गलती से राशन की दुकानों पर सिर फूट गए। मैं तो वह आदमी हूं, जो सड़क पर लड़ता है। मेरा डिपार्टमेंट ऑनलाइन है।



करप्शन नहीं हो सकता। जो भी आईएएस इस विभाग में आता है। वह यही सोचता है कि यहां क्या करेंगे? बाद में ये अफसर दूसरी जगह मनचाहे डिपार्टमेंट में चले जाते हैं। मैं बहुत नाराज हूं। सरकार के बार-बार आदेश जाने के बावजूद कई बार गड़बड़ हुई। जिस अफसर ने गड़बड़ी की। उसे अक्षय उर्जा निगम में प्राइम पोस्टिंग पर भेज दिया। उस जिम्मेदार अफसर पर कार्रवाई करने की जगह उसे अच्छे डिपार्टमेंट में भेज दिया। मैंने सीएम से चिट्ठी लिखकर ऐसे अफसर आशुतोष पैडणेकर के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा है। कल मैंने सीएस को भी फोन किया। जनता एमएलए मंत्री जितवाकर भेजती है, उसे देवदूत बनाकर भेजती है, अफसर अगर उस मंत्री की बात नहीं मानेंगे,मंत्री कमजोरी की बात कहता हुआ अच्छा नहीं लगता। कोई अफसर रूल्स ऑफ बिजनस को नहीं माने तो मंत्री क्या करेगा? यह तो मैं हूं और लड़ाका हूं और मेरी आदत गलत के खिलाफ संघर्ष करने की है। और कोई मंत्री होता तो यह बात बाहर ही नहीं आती। जनता का गेहूं लैप्स करवाने वाले अफसर की वजह से कितना नुकसान हो गया। मैंने इसीलिए सीएम से कार्रवाई को कहा है।

कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने खाचरियावास का समर्थन करते हुए प्रदेश में नौकरशाही हावी होने पर सवाल उठाते हुए सीएम को चिट्ठी लिखने की बात कही है। दिव्या ने जोधपुर कलेक्टर पर भी सवाल उठाए हैं। दिव्या मदेरणा ने सोशल मीडिया पर लिखा प्रतापसिंह खाचरियावास राजस्थान सरकार के वह कबिना मंत्री है जो हमेशा गरीब की आवाज उठाते हैं। आज उन्होंने गरीब के साथ होते शोषण और राजस्थान के अंदर नौकरशाही किस कदर हावी है इसका पटाक्षेप किया। लेकिन उससे भी ज्यादा उन्होंने पावर के विकेंद्रीकरण की जो बात कही वह काबिले तारीफ है। जोधपुर कलेक्टर की विफलता के संबंध में और गरीब लोगों के कदाचार और लूट में शामिल भ्रष्ट अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई करने के संबंध में भी प्रतापसिंह खाचरियावास की तर्ज पर अब सीएम को पत्र लिखूंगी कि सख़्त कार्रवाई हो और तुरंत हो। हम करप्शन के प्रति जीरो टॉलरेंस के वादे पर सरकार में आए थे।

### पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की तारीफ पर तंज कसा

# पीएम नरेंद्र मोदी ने आजाद की भी तारीफ की थी, बाद में क्या हुआ सब जानते हैं.....

जयपुर. पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की तारीफ पर तंज कसते हुए कह दिया कि मोदी ने गुलाम नबी आजाद की भी इसी तरह तारीफ की थी, बाद में क्या हुआ सब जानते हैं। वहीं पायलट के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए गहलोत ने नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें इस तरह की बयानबाजी नहीं करना चाहिए। पायलट ने कहा प्रधानमंत्री ने कल जो तारीफ की, मैं समझता हूं, वह कल का बड़ा दिलचस्प डेवलपमेंट है। इसी तरह प्रधानमंत्री ने सदन के अंदर गुलाम नबी आजाद की तारीफ की थी, उसके बाद क्या घटनाक्रम हुआ, वह हम सबने देखा है। इसे इतना लाइटली नहीं लेना चाहिए। 3 लोगों को नोटिस दिए गए, नोटिस के बाद यह जानकारी में आया है कि जवाब दिए गए हैं। हमारी पार्टी अनुशासित है, इस पार्टी में हम सबके लिए नियम-कायदे बराबर हैं।




नोटिस पर भी शीघ्र निर्णय लिए जाने चाहिए, कानून, अनुशासन सब पर लागू है। खड़गे जी ने पदभार संभाला है, ऐसा तो हो नहीं सकता कि अनुशासनहीनता मानी गई हो और उस पर निर्णय नहीं लिया जाए। सचिन पायलट ने सीएम बदलने की चर्चाओं पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा राजस्थान के संदर्भ में निर्णय लेने की जो बात है तो केसी वेणुगोपाल ने कहा था कि इस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। हम सब चुनाव में लगे हुए हैं, जल्दी ही गुजरात के चुनाव की घोषणा भी हो जाएगी। अनुशासन के मामले भी वेणुगोपाल के संज्ञान में है। राजस्थान में यह जो अनुशासनहीनता का मामला बना हुआ है, इस पर जल्द कार्रवाई होनी चाहिए। पायलट ने कहा किस को किस पद पर बैठाना है, क्या जिम्मेदारी देनी है, इसका निर्णय भी एआईसीसी लेगी। चुनाव में केवल 13 महीने का समय बचा है। जो भी निर्णय लेने हैं, कदम उठाने हैं, वह कार्रवाई विधायक दल की बैठक के तौर पर भी नहीं हो सकी थी। अभी चुनाव भी चल रहे हैं, इंपॉर्टेंट चुनाव हैं। दोनों राज्यों में हम जीत हासिल कर रहे हैं।

### इस तरह के बयान नहीं देना चाहिए:गहलोत

पायलट के बयान पर अलवर में गहलोत ने कहा कि इस तरह के बयान नहीं देना चाहिए। संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल ने एडवाइजरी जारी कर कहा था कि बयानबाजी न करें। अभी हमारा फोकस महंगाई, हिंसा, तनाव जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार पर दबाव बनाने का होना चाहिए। हमारा ध्येय यही है कि अगली बार हम राजस्थान में सरकार बनाएं। बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम में हुई सभा में अशोक गहलोत और पीएम मोदी ने मंच साझा किया था। मोदी ने कल गहलोत को मुख्यमंत्रियों में सीनियर बताते हुए एक तरह से उनकी तारीफ की थी। गहलोत और मोदी ने कल मानगढ़ में करीब 10 मिनट तक अकेले में चर्चा भी की थी। मोदी ने कहा था अशोकजी हमारे सबसे सीनियर मुख्यमंत्री हैं। हम साथ काम कर चुके हैं। सचिन पायलट ने अशोक गहलोत पर पहली बार सीधा अटैक किया है। अब तक पायलट समर्थक ही गहलोत खेमे को घेरते रहे हैं। आज पहली बार सचिन पायलट ने उनकी तुलना गुलाम नबी आजाद से कर दी। सचिन पायलट के इस बयान से यह साफ हो गया है कि कांग्रेस में अब खींचतान और बढ़ेगी। यह बयान ऐसे वक्त आया है, जब सियासी बवाल के जिम्मेदार नेताओं के खिलाफ एक्शन का इंतजार है। गहलोत पर सीधा हमला करने के बाद अब बयानबाजी का दौर तेज होगा। राजनीतिक जानकारों का मानना है सत्ता-संगठन में होने वाले बदलावों को लेकर इस बयान को अहम माना जा रहा है। अब तक चुप रहे पायलट का सीधा सीएम पर अटैक के पीछे दो ही वजह मानी जा रही हो। पहली, उन्हें हाईकमान से बड़ी जिम्मेदारी मिलने का इशारा हो। दूसरी, वे प्रेशर पॉलिटिक्स का सहारा ले रहे हों।

### अलवर में 69 करोड़ रूपए के 71 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास


# राजस्थान में कुशल वित्तीय प्रबंधन से हर क्षेत्र में विकास:अशोक गहलोत

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि देश में अर्थव्यवस्था की विपरीत स्थिति के बावजूद राजस्थान में कुशल वित्तीय प्रबंधन से हर क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, विद्युत, सड़क, कर्मचारी वर्ग, रोजगार सहित विभिन्न क्षेत्रों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं में राजस्थान मॉडल स्टेट बना है। प्रदेश में लगभग 1 करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन दी जा रही है। बजट घोषणाएं धरातल पर उतारकर हर वर्ग को लाभान्वित किया जा रहा है। गहलोत बुधवार को अलवर जिले के खैरथल में लगभग 69 करोड़ रूपए के 71 विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने में वित्त की कमी नहीं आने दी जाएगी। गहलोत ने कहा कि हमारी कोशिश है कि प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय और हैप्पीनेस इंडेक्स बढ़े। उन्होंने प्रदेशवासियों से आपसी समन्वय, प्रेम और सद्भाव से रहने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हिंसा बर्दाश्त नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में राजस्थान स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी राज्य है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना को केंद्र सरकार देशभर में लागू करें, ताकि हर वर्ग को महंगी चिकित्सा से राहत मिल सकें। उन्होंने कहा कि अभी तक 25.26 लाख लोग योजना के तहत चिकित्सा सुविधा ले चुके हैं। इनमें लगभग 2963 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम



विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना, राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस सहित कई योजनाएं शुरू कर विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबल प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि अभी तक 1.30 लाख सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। लगभग 1 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन हैं। एक लाख नौकरियों की घोषणा बजट 2022-23 में की गई है। ?से में राजस्थान देश में सरकारी नौकरियां देने में भी अग्रणी राज्य बना है। उन्होंने बताया कि मानवीय दृष्टिकोण से पुरानी पेंशन योजना को फिर से शुरू कर राज्य कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिए जाने के लिए केंद्र सरकार से लगातार मांग की जा रही है। यह 13 जिलों में सिंचाई व पेयजल आपूर्ति सुनिश्चिता के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं करेगी तो भी राज्य सरकार अपने संसाधनों से इसे आगे बढ़ाएगी। गहलोत ने सभा स्थल पर विभिन्न विभागों के फ्लैगशिप योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने चिरंजीवी योजना में हार्ट सर्जरी करा चुके बच्चों और अन्य योजनाओं के लाभार्थियों से आत्मीयता से बातचीत कर कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और चैक भी वितरित किए। इस पर लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। इससे पहले गहलोत ने अंबेडकर सर्किल पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उपस्थित आमजन से बातचीत भी की। पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण में अहम निर्णय ले रही है। अलग से कृषि बजट, ओल्ड पेंशन स्कीम, अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों सहित अनेक फैसलों से आमजन को संबल मिला है। राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष दीपचंद खेरिया ने कहा कि राज्य की नीतियों से हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है।

## भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुई अभिनेत्री पूजा भट्ट



नई दिल्ली. पूजा भट्ट भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ने वाली पहली बॉलीवुड एक्ट्रेस हैं। इससे पहले इस यात्रा में साउथ एक्ट्रेस पूनम कौर भी शामिल हुईं थीं। बॉलीवुड एक्ट्रेस और फिल्ममेकर पूजा भट्ट बुधवार को राहुल गांधी के साथ हैदराबाद में 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल हुईं। दोनों एक साथ पैदल चले और कई मसलों पर चर्चा भी की। पूजा भट्ट और राहुल गांधी की फोटो कांग्रेस की ओर से सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई और लिखा हर रोज नया इतिहास रचा जा रहा है, हर रोज देश में मोहब्बत चाहने वालों की तादाद बढ़ रही है। पूजा भट्ट के इस मुहिम से जुड़ने के बाद सोशल मीडिया पर उनके कांग्रेस में शामिल होने को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। भट्ट भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ने वाली पहली बॉलीवुड एक्ट्रेस हैं। भारत जोड़ो यात्रा में तमिल-तेलुगु फिल्मों की अभिनेत्री पूनम कौर और राहुल गांधी की एक फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई थी। इसमें दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़े नजर आ रहे थे। इस फोटो को पोस्ट करके कर्नाटक भाजपा नेत्री प्रीति गांधी ने लिखा अपने परदादा के पदचिह्नों पर चलते हुए!

पूनम कौर ने भी उन्हें करारा जवाब दिया। प्रीति गांधी की पोस्ट को री-ट्वीट कर-के पूनम कौर ने लिखा वास्तव में आप अपमान कर रही हैं। प्रधानमंत्री नारी शक्ति के बारे में बात करते हैं। मैं फिसल गई थी और गिरने वाली थी, तभी राहुल सर ने इस तरह मेरा हाथ पकड़ लिया। उन्होंने राहुल गांधी के लिए लिखा, थैंक यू सर।

## सम्पादकीय

### मोरबी में हादसा नहीं नरसंहार हुआ है, दोषी बख्शे नहीं जाने चाहिए

30 अक्तूबर को ध्वस्त हुए इस सस्पेंशन ब्रिज (झूलता पुल) का उद्घाटन 20 फरवरी 1879 को मुंबई के तत्कालीन गवर्नर रिचर्ड टेम्पल ने किया थ। पुल के निर्माण के लिए आवश्यक सभी सामग्री इंग्लैंड से आई थी। सस्पेंशन ब्रिज 1.25 मीटर चौड़ा और 233 मीटर लंबा था।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मोरबी में मच्छू नदी पर बने पुल की घटना को हादसा कहा। ये हादसा नहीं हो सकता। इसमें 136 की जान गई है। एक सौ के करीब घायल हैं। कुछ लापता भी बताए जा रहे हैं। ये 136 लोगों की मौत हादसा नहीं हो सकता। ये इंसानों की बलि है। धन की चाह के लिए लोगों के प्रति किया गया सामूहिक हत्या का अपराध है। जघन्य अपराध है। इसके लिए प्रयोग किया किया गया हर शब्द बौना है। छोटा है। और ऐसी घटना के लिए सजा भी अधिकतम होनी चाहिए।

31 मार्च 2016 को कोलकाता में विवेकानंद रोड फ्लाईओवर गिर गया था। इस हादसे में 27 लोगों की मौत हुई थी। हादसे के बाद पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, 'ये कहते हैं- ये तो एक्ट ऑफ गॉड है। दीदी, ये एक्ट ऑफ गॉड नहीं, ये तो एक्ट ऑफ फ्रॉड है, फ्रॉड। ये एक्ट ऑफ फ्रॉड का परिणाम है। उस हादसे में 27 मरे थे, यहां 136 मरे हैं। पूरा घटनाक्रम देखने से लगता है कि ये हादसा नहीं, मानवता के प्रति अपराधिक षड्यंत्र है। 136 व्यक्तियों की सामूहिक हत्या है। खुला नरसंहार है। रिपोर्ट्स के मुताबिक लगभग आठ महीने तक पुल को मेंटिनेंस के लिए बंद रखा गया था। मरम्मत का काम एक निजी एजेंसी को सौंपा गया था। बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के त्योहारों को देखते हुए धन कमाने की लालसा में यह पुल खोल दिया गया। धन कमाने की लालसा में पुल की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार यह भी भूल गए कि निर्धारित क्षमता से चार से पांच गुना व्यक्ति पुल पर जमा हो गए हैं। पुल पर एकत्र भीड़ को पुल से हटने के लिए न चेतावनी दी गई, न ही कोई कार्रवाई की गई। जिम्मेदार व्यक्ति तमाशबीन बने खड़े रहे। गुजरात पुलिस ने पुल ढहने की घटना में आईपीसी की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या के लिए सजा) और 308 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। इस मामले में अब तक कंपनी के दो प्रबंधक सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।प्रधानमंत्री मोदी और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल मोरबी में दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। पीएम मोदी ने मोरबी में चल रहे राहत अभियान के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सिविल अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने मोरबी हादसे के बाद स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि इस त्रासदी से संबंधित सभी पहलुओं की पहचान करने के लिए एक ह्लविस्तृत और व्यापकह्व जांच समय की मांग है। जांच में कोई भी हस्तक्षेप न करे। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान के मुताबिक, उन्होंने कहा कि जांच से मिले प्रमुख सबकों को जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए। बैठक में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गृह मंत्री हर्ष संघवी भी मौजूद थे। उधर मोरबी पुल मामले पर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल हुई है। सुप्रीम कोर्ट 14 नवंबर को एक जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया है।

# बढ़ता जा रहा है भूख और गरीबी का दावानल





16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस हम ऐसे समय में मनाने जारहे है जब भूख की मार झेल रहे लोगों की संख्या में इजाफा हो रहा है। विश्व खाद्य दिवस लोगों को भुखमरी जैसी समस्यों से जागरूक करना तथा भोजन को खराब होने से बचाने के लिए मनाया जाता है। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने चेतावनी जारी की है कि दुनिया में भूख की मार झेल रहे लोगों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुँचने का जोखिम उभर रहा है। वैश्विक खाद्य संकट के कारण बड़ी संख्या में लोगों के लिये खाद्य असुरक्षा हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, जिसके मद्देनजर, यूएन एजेंसी ने 16 अक्टूबर को 'विश्व खाद्य दिवस' से ठीक पहले, मौजूदा संकट की बुनियादी वजहों से निपटने की पुकार लगाई है। जलवायु व्यवधान, हिंसक टकराव और आर्थिक दबाव समेत अनेक विकराल चुनौतियों की पृष्ठभूमि में वैश्विक खाद्य संकट पनप रहा है।इन संकटों की वजह से विश्व भर में भूख की मार झेल रहे लोगों की संख्या, वर्ष 2022 के शुरूआती महीनों में 23 करोड़ 20 लाख से बढ़कर 34 करोड़ 50 लाख तक पहुँच गई। भारत भूख और गरीबी के दल दल से बाहर निकलने के लिए प्रयासरत है।देश और दुनिया में अभी भी करोड़ो लोग भुखमरी के शिकार है। चाहे विकासशील देश हो या विकसित देश हो। भुखमरी की समस्या पूरा विश्व झेल रहा है। कोरोना महामारी की गिनती भी इसी संकट से की जा सकती है जब लाखों लोग बेरोजगार होकर रोजी रोटी के लिए दर दर भटक रहे है। भारत सहित दुनिया के अनेक देशों ने संकट में अपने जरुरतमंद देशवासियों की मदद के लिए हाथ बँटाये है मगर यह नाकाफी है। गौरतलब है विश्व खाद्य कार्यक्रम ने अपने जीवन रक्षक कार्यों के लिए 2020 का नोबेल शांति पुरस्कार जीता है। कोरोना संकट के कारण लाखों पुरुष, महिला और बच्चे भुखमरी का सामना कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि कोरोना के कारण हुई वैश्विक मंदी ने 83 से 132 मिलियन लोगों को भुखमरी में धकेल दिया। विश्व खाद्य दिवस भूख के खिलाफ लड़ाई का एक दिन है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) की स्थापना के उपलक्ष्य में समूचे विश्व में 16 अक्तूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मूल उद्देश्य विश्व के भूखे और कुपोषित लोगों की दशा के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करना और भूख के अभिशाप से मुक्ति पाना तथा इस समस्या के समाधान के ठोस उपाय करने के लिए सभी संबद्ध व्यक्तियों संस्थाओं को प्रोत्साहित करना है। यह दिन अब रश्मि होता जारहा है। ढोल नगाड़ा पीटने से न गरीबी दूर होगी और न हीं भूखे को खाना मिलेगा। यह हमारी जमीनी सच्चाई है जिसे स्वीकारना ही होगा। दुनियां से जब तक अमीरी और गरीबी की खाई नहीं मिटेगी तब तक भूख के खिलाफ संघर्ष यूँ ही जारी रहेगा। चाहे जितना चेतना और जागरूकता के गीत गालों कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। अब तो यह मानने वालों की तादाद कम नहीं है कि जब तक धरती और आसमान रहेगा तब तक आदमजात अमीरी और गरीबी नामक दो वर्गों में बंटा रहेगा। शोषक और शोषित की परिभाषा समय के साथ बदलती रहेगी मगर भूख और गरीबी का तांडव कायम रहेगा। अमीरी और गरीबी का अंतर कम जरूर हो सकता है मगर इसके लिए हमें अपनी मानसिकता बदलनी पड़ेगी। प्रत्येक संपन्न देश और व्यक्ति को संकल्पबद्धता के साथ गरीब की रोजी और रोटी का माकूल प्रबंध करना होगा। दुनिया भर में भूखे पेट सोने वालों की संख्या में कमी नहीं आई है। यह संख्या आज भी तेजी से बढ़ती जा रही है। अब तो यह मानने वालों की तादाद कम नहीं है कि जब तक धरती और आसमान रहेगा तब तक आदमजात अमीरी और गरीबी नामक दो वर्गों में बंटा रहेगा। शोषक और शोषित की परिभाषा समय के साथ बदलती रहेगी मगर भूख और गरीबी का तांडव कायम रहेगा। अमीरी और गरीबी का अंतर कम जरूर हो सकता है मगर इसके लिए हमें अपनी मानसिकता बदलनी पड़ेगी। प्रत्येक संपन्न देश और व्यक्ति को संकल्पबद्धता के साथ गरीब की रोजी और रोटी का माकूल प्रबंध करना होगा। बिना इसके खाध दिवसमनाना बेमानी और गरीब के साथ एक क्रूर मजाक होगा। एक तरफ देश में भुखमरी है वहीं हर साल सरकार की लापरवाही से लाखों टन अनाज बारिश की भेंट चढ़ रहा है। हर साल गेहूं सड़ने से करीब 450 करोड़ रूपए का नुकसान होता है। भारत में गरीबी उन्मूलन और खाद्य सहायता कार्यक्रमों पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद कुपोषण लगातार एक बड़ी समस्या बनी हुई है। भूख के कारण कमजोरी के शिकार बच्चों में बीमारियों से ग्रस्त होने का खतरा लगातार बना रहता है।


## राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारियों के लिए पदोन्नति की खुली राह

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान पुलिस सेवा की सलेक्शन स्केल की वर्ष 2021-22 एवं इसके प्रभावस्वरूप सीनियर स्केल की वर्ष 2021-22 की पूर्व में सम्पन्न विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक कार्यवाही विवरण का पुनरावलोकन करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान पुलिस सेवा की सलेक्शन स्केल की वर्ष 2021-22 की नियमित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के पश्चात पुलिस सेवा के अधिकारियों को 10 वर्ष की सेवा का अनुभव नहीं होने के कारण 47 पद रिक्त रह गए थे। अब राजस्थान पुलिस सेवा की सलेक्शन स्केल तथा सीनियर स्केल की वर्ष 2021-22 की पूर्व में सम्पन्न विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक का पुनरावलोकन किए जाने से अधिकारियों को पदोन्नति के अवसर मिलेंगे।

## ईवीएम से पार्टी सिंबल हटाने की मांग खारिज

नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। इसमें मांग की गई थी कि इलेक्शन कमीशन को बैलेट पेपर और ईवीएम पर पार्टी सिंबल की जगह उम्मीदवार का फोटो, पर्सनल डिटेल्स और क्वालिफिकेशन रखने के निर्देश दिए जाएं। ये याचिका एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय के संगठन ने दायर की थी। याचिका पर चीफ जस्टिस यू यू ललित और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने सुनवाई की। पीठ ने कहा कि इस विषय में चिंता सही है, लेकिन याचिकाकर्ता के तर्क से सहमत नहीं हुआ जा सकता। उन्होंने कहा कि ईवीएम पर वोटिंग तो सबसे आखिरी प्रोसेस है, क्योंकि वोटर पहले से तय कर लेता है कि किसे वोट देना है। पीठ ने कहा कि हर पॉलिटिकल पार्टी की एक पहचान होती है। वोटर्स के लिए पार्टी सिंबल पहचान का सबसे आसान पॉइंट है। अगर पार्टी का सिंबल ईवीएम पर नहीं लगाया जाएगा, तो उम्मीदवार अपने राजनीतिक दल को कैसे रिप्रजेंट करेगा। याचिकाकर्ता ने कहा कि अगर उम्मीदवार की पहचान बताना अनिवार्य कर दिया जाए, तो पार्टियां विश्वास करने लायक लोगों को टिकट देने पर मजबूर हो जाएंगी। इसके चलते सही लोगों का चुनाव होगा और राजनीति में अपराधियों को आने से रोका जा सकेगा। याचिका में ईवीएम पर पार्टी के सिंबल के इस्तेमाल को अवैध-असंवैधानिक और भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन घोषित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

## श्री निंबार्क जयंती महोत्सव का शुभारंभ, प्रथम दिन कलवाड़ा के श्रीसरसबिहारी मंदिर में हुआ प्राकट्योत्सव






जयपुर। श्री निंबार्क जयंती महोत्सव कामंदिर श्रीसरसबिहारी जी कलवाड़ा से शुभारंभ हो गया। यह महोत्सव 13 नवम्बर तक चलेगा। आज श्री सर्वेश्वर प्रभु , श्री हंस भगवान , श्री सनकादिक प्राकट्योत्सव के अंतर्गत सूक्ष्म चक्रांकित श्रीशालिग्राम प्रभु का महाभिषेक, आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ ।शाम को 4 बजे वर्धमान नगर अजमेर रोड स्थित श्री गोपाल जी सुशीला जी पूड़ी वालों के यहां, आचार्य प्राकट्य बधाईगान कार्यक्रम हुआ ।श्रीनिम्बार्क परिषद् के महामंत्री अमित शर्मा ने बताया कि 2 से 13 तक आयोजित होने वालेमहोत्सव की कड़ी में 10 से 12 नवंबर तक आचार्य महामंडलेश्वर श्रीमहंत स्वामी श्री पद्मनाभशरण देवाचार्य जी द्वारा रिजर्व पुलिस के सामने चांदपोल में स्थित श्रीमाधोबिहारी जी के मंदिर में श्रीनिंबार्क चरित्र कथा का आयोजन होगा । समापन पर 13 तारीख को आचार्य प्राकट्य बधाई गान, रासलीला, संत विद्वत सम्मेलन सहित कई आयोजन होंगे।

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री 03 नवम्बर को दौसा में

दौसा ।प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री परसादी लाल मीना 03 नवम्बर 2022 को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार भवन में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री के उप सचिव दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीना 03 नवम्बर को प्रातः 10 बजे जयपुर से रवाना होकर प्रातः 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा क्षेत्र लालसोट के पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेगे एवं दोपहर 12 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार भवन में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री सांय 4 बजे दौसा से जयपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

# राजस्थान लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम के अंतर्गत नवीन सेवाएं सम्मिलित:अशोक गहलोत



जयपुर। राज्य सरकार योजनाओं का लाभ प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने तथा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ह्यगुड गवर्नेंसह्व की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की नवीन सेवाओं को ह्यराजस्थान लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी धिनियम-2011ह्व के अंतर्गत लाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। प्रस्ताव के अनुसार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, नगरीय विकास विभाग, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रक मण्डल, गृह विभाग, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, आबकारी विभाग, ऊर्जा विभाग, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, पर्यटन विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग, विधिक मापविज्ञान प्रकोष्ठ की विभिन्न नवीन सेवाओं को जोड़ने की मंजूरी दी गई है। साथ ही श्रम विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, नगरीय विकास विभाग, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, गृह विभाग में सेवाओं के लिए अधिसूचित पदाभिहित अधिकारी/प्रथम अपील अधिकारी/द्वितीय अपील अधिकारी में संशोधन को मंजूरी दी गई है। गहलोत की इस मंजूरी से राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को सुगमता से शीघ्र मिलना सुनिश्चित होगा। इससे विभागों की सेवा प्रदायगी की गुणवत्ता में सुधार होगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेशवासियों को सरकार द्वारा दी जा रही सेवाओं का पूर्ण लाभ प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2011 में राजस्थान लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम-2011 लाकर विभिन्न विभागों की सेवाओं को इसके अंतर्गत लाया गया था।

# बाल विवाह रोकथाम अभियान हेतु प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन




दौसा /माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, दौसा द्वारा नवम्बर माह के एक्शन प्लॉन में बाल विवाह रोकथाम हेतु विशेष अभियान ह्यह्यबिल्डिंग ए सोशल इविल्स फ्री नेशनः जीरो टॉलरैन्स ऑन चाईल्ड मैरिजह्यह्य चलाये जाने के निर्देशों की पालना में 01 नवम्बर 2022 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दौसा कार्यालय में प्रशासनिक विभाग, नगर पालिका, शिक्षा विभाग, महिला अधिकारिता विभाग, बाल विकास विभाग, समाज कल्याण के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्राधिकरण की सचिव सुश्री प्रेमलता सैनी द्वारा उपस्थित अधिकारियों को माननीय रालसा, जयपुर के निर्देशानुसार सभी विभागों को दौसा जिले में बाल विवाह की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए। सचिव द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को प्रत्येक स्कूल में बच्चों को बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के बारे में जागरूक करने के भी निर्देश दिए गए। सचिव द्वारा यह भी बताया गया कि उक्त अभियान के तहत प्राधिकरण एवं तालुका विधिक सेवा समितियों द्वारा भी स्कूलों, ग्राम पंचायतों, आंगनवाडी केन्द्रों पर विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन कर विद्यार्थियों, महिलाओं एवं आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं इसकी रोकथाम के लिए बने कानूनों की जानकारी भी प्रदान की जावेगी। बैठक में एसडीएम दौसा संजय गौरा, महिला अधिकारिता विभाग की पी.ओ. नेहा जोशी, प्रमुख जिला शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम मीणा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**भारत और विदेश से 350 प्रदर्शक लेंगे हिस्सा**

# जेईसीसी में 10 नवंबर से होगा इंडिया स्टोनमार्ट 2022 का आयोजन

जयपुर। प्रतिष्ठित इंडिया स्टोनमार्ट 22 का 11वां संस्करण 10 से 13 नवंबर तक जयपुर के सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में जयपुर एग्जीबिशन और कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आयोजित किया जाएगा। इसका आयोजन सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ स्टोन्स (सीडीओएस) द्वारा किया जा रहा है, जिसमें फेडरेशन ऑफ इंडियन चौंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) सह-आयोजक है। राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड (रीको) इसका प्रमुख प्रायोजक है। उद्योग विभाग की एसीएस श्रीमती वीनू गुप्ता ने बताया कि इंडिया स्टोनमार्ट 2022, स्टोन इंडस्ट्री की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी होगी, जिसमें प्राकृतिक पत्थरों, सहायक उत्पादों और सेवाओं की दुनिया को व्यापक रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। यह आयोजन स्टोन इंडस्ट्री के विभिन्न हितधारकों जैसे घरेलू और विदेशी उत्पादकों, निर्यातकों, आयातकों, उपभोक्ताओं को एक साथ लाएगा। साथ ही खरीदारों, विशेषज्ञों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, आर्किटेक्ट्स, बिल्डरों, डेवलपर्स, कॉरपोरेट्स आदि को एक छत के नीचे लाएगा। एसीएस ने बताया कि इंडिया स्टोनमार्ट 2022 विश्वभर के उपभोक्ताओं के बीच अपने उत्पादों, सेवाओं और ब्रांड छवि को बढ़ावा देने के लिए प्रदर्शकों को एक आदर्श मंच प्रदान करेगा और साथ ही उनके व्यापार के दायरे और संभावनाओं को बढ़ाने के लिए व्यावसायिक संबंध और नेटवर्किंग स्थापित करने का अवसर देगा। भारत और विदेशों से 350 से अधिक प्रदर्शकों के भाग लेने की उम्मीद है, जो कि 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से भी होंगे। गुजरात और ओडिशा के भी अपने स्टेट पवेलियन होंगे। अंतरराष्ट्रीय पवेलियन में तुर्की, ईरान और पुर्तगाल द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। इटली और चीन से भी आयोजन में भागीदारी की पुष्टि की गई है। पिछले संस्करणों की तरह एक ही छत के नीचे प्राकृतिक पत्थरों, क्वाट्र्ज पत्थर के स्लैब, खनन और प्रोसेसिंग मशीनरी, हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी, उपकरण, उपभोग्य वस्तुओं का व्यापक प्रदर्शन होगा। इंडिया स्टोनमार्ट 2022 में व्यापार प्रतिनिधिमंडल और विभिन्न देशों और भारत के अन्य हिस्सों से बड़ी संख्या में ट्रेड विजिटर्स/ बायर्स के आने की उम्मीद है। अब तक 47 देशों के 500 से अधिक अंतरराष्ट्रीय आगंतुक पहले ही मार्ट में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। इसके दौरान आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रम जयपुर आर्किटेक्चरल फेस्टिवल, बायर-सैलर मीट और शिल्पग्राम होंगे। रीको के प्रबंध निदेशक शिवप्रसाद नकाते ने हाल ही में आगामी मेगा ईवेंट की व्यवस्थाओं की समीक्षा की थी। उन्होंने ले-आउट, लॉजिस्टिक अरेंजमेंट, आर्किटेक्चर फेस्टिवल, ब्रांडिंग आदि के संबंध में दिशा-निर्देश दिए थे। गौरतलब है कि पिछले साल कोविड के कारण इस द्विवार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन नहीं किया गया था।

## थाना ऊंचाहार पुलिस द्वारा 01 शातिर अपराधी को अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया

**मरुधर विशेष /संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



रायबरेली - थाना ऊंचाहार में दिनाँक 02 नवम्बर 2022 को अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत थाना ऊँचाहार पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति / वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिरखास की सूचना पर अभियुक्त रियाज पुत्र वाहिद अली निवासी ग्राम सुदामापुर थाना गदागंज रायबरेली को 01 अदद तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ थाना क्षेत्र के मनीरामपुर पुल के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरूद्ध थाना ऊँचाहार पर मुअसं 651/2022 धारा-3/25 शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## 3 नवंबर से प्रारंभ हो रहे डलमऊ का ऐतिहासिक प्रांतीय कार्तिक पूर्णिमा मेला

**मरुधर विशेष /संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

करीब 100 वर्ष पीछे हो गया है। भाजपा सरकार के आते ही सन 2021 में डलमऊ का ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा मेला प्रांतीय मेला घोषित हुआ था लेकिन मौजूदा समय में हो रही मेले की तैयारियों से क्षेत्रीय लोग अनुमान लगा रहे हैं कि डलमऊ का ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा मेला करीब 100 वर्ष पीछे हो गया है। जो तैयारियां इस समय हो रही हैं, यह कभी 100 साल पहले हुआ करती थी। स्नान घाटों से लेकर मुख्य मार्गों तक जंगली बबूल और झाड़ियां उगी हुई है जिसकी अभी तक साफ सफाई नहीं कराई गई है। मेले में वीआईपी क्षेत्र मेला कोतवाली और श्मशान घाट पर हैंडपंप पानी देना बंद कर दिए हैं लेकिन अभी तक हैंडपंपों को रिबोर नहीं कराया गया है। ऐसी स्थिति में श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन को भी बूंद बूद पानी के लिए तरसना पड़ेगा। अधिकारियों की अनदेखी की वजह से इस वर्ष मेले में पहले जैसी रौनक नहीं दिखाई दे रही है। डलमऊ गंगा घाट ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा मेले की वजह से जाना जाता है। इस मेले में वाहनों के साथ-साथ भारी संख्या में बेलगाडियां भी आती है जो मेले की शोभा बढ़ा देती है। प्रशासन इस वर्ष साफ-सफाई को लेकर जरा सा भी गंभीर नहीं दिखाई दे रहा है। मेले में चारों ओर अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। लोगों का मानना है कि कार्तिक पूर्णिमा मेला की तैयारियां 100 वर्ष पहले की तरह हो रही है। डलमऊ गंगा घाट पर 3 नवंबर से दुकानदारों का आना-जाना लग जाएगा। 5 और 6 नवंबर को मेला क्षेत्र में श्रद्धालु अपना डेरा डाल देंगे। 7 नवंबर को डलमऊ महोत्सव मेला का उद्घाटन होगा। 8 नवंबर को पूर्णिमा है जिसमें लगभग 15 से 20 लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लग रहा है लेकिन तैयारियों से ज्यादा मेला क्षेत्र में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है।

## गांव समूची निवासी विजय सिंह तंवर का भारतीय सेना में सूबेदार मेजर बनने पर लोगो ने खुशी व्यक्त कर दी बधाई

**स्मार्ट हलचल /दिनेश लेखी**



कठूमर। उपखंड क्षेत्र के गांव समूची में जन्मे विजयसिंह तंवर का भारतीय सेना मे हवलदार से सूबेदार मेजर में प्रमोशन होने पर लोगों ने बधाई देकर खुशी व्यक्त की।भाई भरतसिंह ने बताया कि संमूची गांव निवासी मेरे भाई विजयसिंह तंवर ने भारतीय सेना में एनएसजी कमांडो के रूप में बेहतर सेवाएं देने पर हवलदार से सूबेदार मेजर में प्रमोशन होने अपने परिवार समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस दौरान संमूची सरपंच मुकेश सैनी,खेरली रेल सरपंच प्रशांत सिंह, समाजसेवी आदित्येंद्र कुमार खेरली रेल, भरत सिंह ,संजय अवस्थी, आशीष दीक्षित, सन्नी मीणा ने हर्ष जताया है।

## आवला नवमी के उपलक्ष मै आंवले की पेड़ की पूजा की

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

बांसवाड़ाः विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा की मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी एवं श्री राधा सखी मंडल की बहनों द्वारा आज पंच धाम हनुमान मंदिर पर आवला नवमी के उपलक्ष मै आंवले की पेड़ की पूजा की और भजन कीर्तन भी किया गया। विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा के जिला प्रचार व प्रसार प्रमुख तरुण कुमार अडीचवाल ने बताया उक्त कार्यक्रम में दुगार्वाहिनी की जिला संयोजिका श्रीमती साक्षी जी दक,



जिला सतसग प्रमुख मिथलेश जी, जिला बाल सस्कार प्रमुख सुश्री साधना देवड़ा, जयश्री पंचाल, गायत्री श्रीमाली, रेणुका श्रीमाली सुनीता कौशिक, लक्ष्मी देवड़ा, आशा जी, सविता जी साधना जी मोती बाई कांता पवारअंजना मेठानी सहनेलता प्रेमलता कंसारा उर्मिला कंसारा आदि बहनों ने ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। ये जानकारी तरुण कुमार अडीचवाल जिला प्रचार व प्रसार प्रमुख विश्व हिंदू परिषद , बांसवाड़ा ने दी।

## पंचायत समिति कुशलगढ़ की साधारण सभा की बैठक का आयोजन

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

कुशलगढः दिनांक 02। 11। 2022 को पंचायत समिति कुशलगढ़ की साधारण सभा की बैठक का आयोजन श्रीमती रमिला खड़िया विधायक महोदय के मुख्य आतिथ्य में एवं तहसीलदार श्री वीरेंद्र सिंह राठौड़ एवं श्री रूप सिंह पुलिस उप अधीक्षक के विशिष्ट अतिथि में एवं श्री कानहींग रावत प्रधान महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में गत कार्यवाही विवरण का वाचन अध्यक्ष की अनुमति से अतिरिक्त विकास अधिकारी नरेंद्र तेली द्वारा किया गया जिसका सदन में सर्व अनुमति से अनुमोदन किया गया तत्पश्चात साधारण सभा की कार्यवाही प्रारंभ की गई जिसमें उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं और प्रगति से सदन को अवगत कराया जिसका सर्वा अनुमति से अनुमोदन किया गया बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया जिसमें विद्युत विभाग जन स्वास्थ्य



अभियांत्रिकी विभाग जल संसाधन विभाग पीडब्ल्यूडी कृषि विभाग पशुपालन विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग एवं रसद शिक्षा विभाग सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग आयुर्वेद विभाग चिकित्सा विभाग विभाग ने भाग लिया माननीय विधायक महोदय ने क्षेत्र में सरकारी योजनाओं का आम लोगों तक लाभ पहुंचाने समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से आह्वान किया एवं वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने का आवाहन किया जिससे दुर्घटनाओं मैं जन हानी ना हो प्रधान महोदय ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने की बात कही एवं बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों व कर्मचारियों के उपस्थित होने पर धन्यवाद दिया तहसीलदार श्री वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने राजस्व विभाग की योजनाओं से सदन को अवगत करवाया। अतिरिक्त विकास अधिकारी श्री नरेंद्र तेली ने पंचायती राज विभाग की योजनाओं से सदन को अवगत करवाया एवं अपूर्ण कार्यों को समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए साथ ही मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत श्रमिक नियोजन हेतु हनुमत कार्यों के चयन एवं वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन किया गया बैठक का संचालन श्री नरेंद्र तेली अतिरिक्त विकास अधिकारी ने किया एवं उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों का आभार माना

# देश की जनता बेरोजगारी व महंगाई से त्रस्त, केन्द्र सरकार नहीं दे रही ध्यान-सीएम गहलोत

### मंत्री जूली ने हैलीपेड पर सूत की माला से किया मुख्यमंत्री का स्वागत, ऐतिहासिक विकास कार्यों के लिए जताया आभार

**मरुधर विशेष चीफ रिपोर्टर युवराज शर्मा**

अलवर। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा के अनुसार जनकल्याण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए सीएम ने कहा कि धर्म, जाति के नाम पर लड़ाने के सिवाय इन्हें कुछ नहीं आता। भाजपा धर्म, सम्प्रदाय के नाम पर वोट की कोरी राजनीति कर रही है। मुख्यमंत्री किशनगढ़बास विधानसभा क्षेत्र के खैरथल के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण, उद्घाटन एवं शिलान्यास के मौके पर उपस्थित विशाल जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। पूरे देश में अराजकता का माहौल बना हुआ है। देश में महंगाई और बेरोजगारी से जनता त्रस्त है। केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण गरीब के मुंह का जहां निवाला छीना जा रहा है वही अमीरों का खजाना भरने में दिन रात जुटी हुई है एनडीए सरकार। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भी जनता द्वारा चुनी गई सरकार को गिराने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन ये राजस्थान की जनता है सब जानती है। भाजपा के नुमाइंदो के मनसूबे पर पानी फेरकर कर उनहें आईना दिखाने का काम कर रही है। सीएम ने कहा कि देश के अंदर हालात गंभीर व चिंताजनक बने हुए है जिन पर केन्द्र सरकार का ध्यान ही नहीं है। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी जैसी महत्वपूर्ण परियोजना को केन्द्र सरकार राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं कर हठधर्मिता पर अडी हुई है। उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोडों यात्रा का जिक्र कर यह यात्रा देश में भाईचारा जोड़ने के लिए की जा रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में स्वास्थ्य व शिक्षा पर विशेष फोकस करते हुए प्रदेश की जनता के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिए जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि राजस्थान में 2023 में कांग्रेस सरकार दोबारा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी तथा राजस्थान देश में मॉडल राज्य के रूप में विकसित होगा। खैरथल पहुंचने पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री श्री टीकाराम जूली ने हेलीपेड पर मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत का सूत की माला पहनाकर स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री के अभिवादन के लिए खडे हुए लोगों से परिचय करवाया तथा उन्होंने ऐतिहासिक 71 विकास कार्यों के उद्घाटन के लिए सीएम गहलोत का आभार जताया।

71विकास कार्यों का हुआ उद्घाटन

चिकित्सा के क्षेत्र में खैरथल में सेटेलाईट अस्पताल एवं ट्रोमा सैन्टर, बीबीरानी में सीएचसी एवं 8 पीएचसी एवं 6 उपस्वास्थ्य केन्द्र ब्लॉक स्तरीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय-2, सीएचसी किशनगढ़बास को मॉडल हॉस्पीटल में क्रमोन्नत

नगरपालिका-किशनगढबास, खैरथल में अग्निशमन सेवा प्रारम्भ व नवीन नगरपालिका कोटकासिम

महाविद्यालय-राजकीय कृषि महाविद्यालय, किशनगढ़बास, राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटकासिम, कृषि अनुसंधान केन्द्र नंगलिया 160 बीघा

खेल एवं कौशल-1.5 करोड की लागत से खेल स्टेडियम, बम्बोरा, किशनगढबास

कॉलेज, नवीन आईटीआई कॉलेज जोडिया कोटकासिम लागत 12 करोड

विद्युत विभाग-एईएन कार्यालय हरसौली, 33 केवी सब स्टेशन खैरथल

पीडब्ल्यूडी-16 करोड की लागत से किशनगढ़बास से बोलनी हरियाणा सीमा तक 33 किलोमीटर सडक नवीनीकरण, 5.41 करोड की लागत से विभिन्न सडक निर्माण, बघना से मेवली बास कृपाल नगर से गंज किशनगढबास से टांकाहेडी, बास से तरवाला


किशनगढ़बास से बम्बोरा स्टेडियम एवं कन्या महाविद्यालय तक सडक निर्माण

पीडब्ल्यूडी एक्सईएन ऑफिस किशनगढ़बास, जेईएन ऑफिस खैरथल हरसौली

स्वीकृत सडक निर्माण-नगरपालिका कोटकासिम (4 करोड) नगरपालिका किशनगढबास (4.5 करोड) नगरपालिका खैरथल (4.5 करोड) मेवात क्षेत्र (7 करोड) सडक निर्माण कोटकासिम क्षेत्र (3 करोड) एवं मिसिंग लिंक रोड (10 करोड), बम्बोरा घाटा से नौगांवा तक 4 लाईन सडक निर्माण (56 करोड) पीपीपी मोड श्यामाका से बसई बालान 6 किलोमीटर

कृषि उपज मंडी-किशनगढबास में नवीन कृषि उपज मण्डी द्वारा स्वीकृत रोड (1 करोड 76 लाख) बम्बोरा से तहनौली, इस्माईलपुर से बाझोट,





झाडका से खानपुर सिहाली

पशुपालन-प्रथम श्रेणी, पशु चिकित्सालय हरसौली एवं पशु चिकित्सालय नांगल सालिया एवं उपकेन्द्र 10

राजस्व-नई तहसील खैरथल एवं हरसौली

विद्यालय-11 महात्मा गांधी इंग्लिश स्कूल, 22 उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत, 4 प्राथमिक विद्यालय से उच्च प्राथमिक विद्यालय, 3 नवीन प्राथमिक विद्यालय

पंचायती राज-7 नवीन ग्राम पंचायतों का गठन एवं पंचायत भवनों का निर्माण का उद्घाटन किया गया।

### सीएम का विभिन्न संगठनों ने किया ऐतिहासिक स्वागत

मुख्यमंत्री के खैरथल दौरे के अवसर पर खैरथल अनाज मंडी, संयुक्त व्यापारी महासंघ, एकीकृत कर्मचारी संघ, रेसला शिक्षक संघ, अम्बेडकर शिक्षक, शारीरिक शिक्षक संघ, राजस्थान शिक्षक संघ, राजस्थान नर्सेज संघ, नाथ योगी समाज, सर्व सैनी समाज सहित विभिन्न संगठनों ने सीएम का ऐतिहासिक स्वागत किया तथा राज्य कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना बहाल करने पर मुख्यमंत्री गहलोत का आभार जताया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, मेवात विकास बोर्ड अध्यक्ष जुबेर खान, केबिनेट मंत्री शकुन्तला रावत, उर्मिला योगी, बाल संरक्षण आयोग सदस्य वंदना व्यास, पूर्व सांसद डॉ. करणसिंह यादव, ललित यादव, विधायक दीपचंद खैरिया, जोहरीलाल मीणा, साफिया खान, संदीप यादव, वाजिब अली, रफीक खान, कृष्ण मुरारी गंगावत, जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, डेयरी चेयरमैन विश्राम गुर्जर, प्रधान बीपी सुमन, डॉ. विनोद कुमारी दौलतराम जाटव, सुमन यादव, कविता यादव, शीला मीना, बस्तीराम यादव, रोहिताश्व चौधरी, चन्द्रभान गुर्जर, श्वेता सैनी, गिरीश डाटा सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नट समाज के 300 से अधिक महिला पुरुष बच्चो ने घुमंतु विभाग एवं ब्रजभूमि कल्याण परिषद के डॉ पंकज गुप्ता के नेतृत्व में दिया धरना

**मरुधर विशेष चीफ रिपोर्टर रूपेश शर्मा**

ग्राम बंबोरा किशनगढ़ बास में नट समाज के आशियाना के ऊपर तार बंदी के बाद, आज राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा राइस आशियाने नेट समाज के रहने के स्थान पर स्टेडियम बनाने के लिए उद्घाटन करने पर नट समाज के बंधुओं भूख हड़ताल कर और धरने पर बैठ गए इस मौके पर ब्रजभूमि कल्याण परिषद के डॉ पंकज गुप्ता एवं घुमंतु विभाग के अश्वनि जावलि के नेतृत्व में आज 300 से अधिक महिला पुरुष बच्चो ने ग्राम बंबोरा नाटो की बस्ती में भूखड़ताल पर बैठे समाज के लोगो के समर्थन में वहा पहुंच कर लोगो को ढांढस बंधाया और आंदोलन का समर्थन किया । ग्राम बंबोरा किशनगढ़ बास में 30 40 वर्षों से नट समाज के 50 परिवार पक्के घर बना कर वर्षों से रह रहे हैं वहा पर समाज के 2 मंदिर भी बने हुए हैं, सरकारी राशन कार्ड, वोटर आई डी है, सरकारी बोरिंग है, बिजली का कनेक्शन है, पहले नल भी थे, और बिल्कुल बस्ती की तरह परिवार बसे हुए हैं । पिछले दिनों किशनगढ़ बास की सरकार ने इस क्षेत्र की तार बंदी कर दी, बस्ती के रास्तों को बंद कर दिया है, प्रशासन के द्वारा पानी बंद कर दिया, चारो तरफ गड्डे कर दिए और बुजुर्गो की समाधि स्थल को भी नुकसान पंहुचा रहे हैं और आज राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा खैरतल से डिजिटल रूप से इस क्षेत्र में स्टेडियम का उद्घाटन किया जा रहा है जबकि किशनगढ़बास ए डी जे न्यायालय द्वारा अस्थाई स्थगन आदेश दिनाक 14 जुलाई 2022 दिया जा चुका है, और सरकारी कर्मचारी धमकी दे रहे हैं कि ये सब लोग अपने घर छोड़ के चले जाओ वरना इनके घरों को तोड़ दिया जाएगा और बेघर और दरबदर कर दिया जाएगा, सरकार के कुछ कर्मचारी साइन करवा कर ले गए हैं। मामला सामने आने पर समाज सेवी और घुमंतु समाज के लिए कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता अश्वनी जावली और बृज भूमि कल्याण परिषद के डॉक्टर पंकज गुप्ता ने मामले का संज्ञान लिया और आंदोलन का आगाज कर दिया 300 से अधिक नट समाज के बंधुओ के साथ ग्राम मैं विरोध मार्च निकाला गया। सभी लोग नारे लगाते हुए चल रहे थे कि हमारे आशियाना मत तोड़ो, मुवायजा दो, पट्टे दो, न्याय दो, भारत माता की जय वंदे मातरम आदि। आंदोलनकारियों को अश्वनी जावली और डॉक्टर पंकज गुप्ता ने संबोधित किया। मौके पर ब्रजभूमि कल्याण परिषद के अन्य कार्यकर्ता प्रेम प्रकाश शर्मा, संतराम अरोड़ा, मनोज कुमार शर्मा, यशवंत कुमार गुप्ता आदि कार्यकर्ता और नट समाज के 300 से अधिक लोग उपस्थित थे। उद्बोधन करने वाले नेताओं ने सभी रह वासियों को विश्वास दिलाया क्षेत्र से उन्हे कोई भी दरबदर नहीं कर पाएगा नहीं कर सकता है और इसके लिए अगर सरकार आगे कोई कार्यवाही करती है तो हम बड़ा आंदोलन करेंगे, आप किसी भी कागज पर साईन मत करना और कोई बात हो तो हमे बताना। मोके पर काफी संख्या में बसती वासी लख्मी चंद नट, रुस्तम सिंह नट, लाखन सिंह नट, अजान सिंह नट, मदन नट, बाबूलाल नट, सतीश नट, राकेश नट, संतोष नट, सूरज नट, सीमा नट, सरोज नट, सुनीता नट, लता नट, कमलेश नट, दिनेश बाई नट, मीना नट, बाला नट आदि उपस्थित थे। इससे पूर्व भी बृज भूमि कल्याण परिषद के डॉक्टर पंकज गुप्ता & अश्वनी जावली ने इस मुद्दे पर सितंबर माह में ग्राम बंबोरा में आंदोलन किया था और फिर जिला कलेक्टर अलवर में विरोध मार्च निकाला था।



# भ्रष्टाचार के आरोपी पुलिस उपाधीक्षक को मुख्यमंत्री ने मूल पद पर डिमोट किया रामपुर में रिश्वत लेते वीडियो हुआ था वायरल

**मरुधर विशेष /संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

रामपुर में तैनात रहे तत्कालीन सीओ सिटी विद्या किशोर शर्मा को अनुशासनहीनता के आरोप में उनके मूल पद पर प्रत्यावर्तित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से ट्वीट कर इसकी दी गई जानकारी। लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिप्टी एसपी विद्या किशोर शर्मा को मूल पद पर डिमोट कर दिया है। विद्या किशोर पर रामपुर में सीओ सिटी रहते कई गंभीर आरोप लगे थे। बीते साल मुख्यमंत्री के आदेश पर शासन ने विद्या किशोर के खिलाफ जांच कराई थी, जिसमें उन पर लगे आरोप सही पाए गए थे। बीते साल रामपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा के दौरान एक महिला ने आत्मदाह की चेतावनी दी थी। उसका आरोप था कि स्वामी विवेकानंद अस्पताल के संचालक विनोद यादव और तत्कालीन इंस्पेक्टर गंज रामवीर यादव ने उसके साथ गैंगरेप किया, इसमें पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसी मामले में पांच लाख की घूस लेते हुए सीओ सिटी रहे विद्या किशोर का एक वीडियो वायरल हुआ था। मुख्यमंत्री के आदेश पर शासन ने इसकी जांच करायी। एएसपी मुरादाबाद की जांच में सीओ पर भ्रष्टाचार के आरोप सही पाए गए। यही नहीं विद्या किशोर शर्मा पर गोकशी करने वालों को छोड़ने के लिए इंस्पेक्टर पर दबाव डालने का भी आरोप लगा था। जब इंस्पेक्टर ने नहीं छोड़ा तो उसे फोन पर धमकाया था, इस पर इंस्पेक्टर ने आईजी मुरादाबाद के सामने पेश होकर फोन रिकार्डिंग सुनवायी थी, जिसकी जांच आईजी मुरादाबाद ने की थी, उसमें भी यह दोषी पाए गए थे।



## सोडावास मे आंवला नवमी बड़े हर्षोल्लास से मनाई

**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**



मुंडावर। थाना क्षेत्र के सोडावास कस्बे में आंवला नवमी बुधवार को कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की नवमी को आंवला नवमी के रुप मे मनाई गई । पंडित जोशीमठ जोशी शास्त्री के अनुसार नवमी के दिन रवीयोग रहा ।आवला नवमी पर आंवले के वृक्ष की पूजा की गई । महिलाओं ने वृक्ष की परिक्रमा देकर दान पुण्य कियां ।बुजुर्ग महिला रेवती जोशी बताती है की आंवले नवमी को की जाने वाली पूजा कम पुत्र,,पोता का सुख मिलता है । घर परिवार मे सुख शांति मे लाभ मिलता है ।आंवले का दान करना शुभ माना जाता है ।

## मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन, सोडावास को उप तहसील बनाने की मांग को लेकर

**मरुधर विशेष/हवासिंह चौधरी**



मुंडावर। अलवर बहरोड स्टेट हाईवे 14 हाइवे पर स्थित सोडावास कस्बे को उप तहसील का दर्जा देकर उप तहसील कार्यालय की मांग को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खैरथल आगमन पर मुंडावर के कांग्रेस के ब्लॉक उपाध्यक्ष बृजमोहन शर्मा चिरूणी के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने अशोक गहलोत को ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन में बताया गया सोडावास के आसपास 25 ग्राम पंचायत के ग्रामीणों का आवागमन बना रहता है । तहसील कार्यालय मुंडावर होने से विभिन्न कार्यों के लिए हजारों ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है । सोडावास के उप तहसील बनने से हजारों लोगो को फायदा होगा इससे । ज्ञापन में लिखा गया है कि सोडावास उप तहसील बनने के लिए सभी मापदंड पूरे करता है ।

## शाहपुर में चोरों ने लाखों के गहनों सहित नगदी पर किया हाथ साफ

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

बानसूर उपखंड के गांव शाहपुर में बीती रात चोरों ने दो मकानों में चोरी की घटना को अंजाम देते हुए लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण सहित नगदी पार कर ले गए। मामला शाहपुर गांव में बीती रात का है । शाहपुर निवासी प्रदीप यादव ने बताया कि घर के लोग सभी कमरों का ताला लगाकर सो गए थे। सुबह 5 बजे उठकर देखा तो घर के ताले टूटे हुए थे ।और सामान इधर-उधर बिखरा हुआ पड़ा था। जब सामान को संभाला तो पता चला कि चोरों ने रात के समय घटना को अंजाम देते हुए 4 जोड़ी सोने की अंगूठी, 4 जोड़ी चांदी की अंगूठी, एक मंगलसूत्र, एक टोपस, एक जोड़ी कुंडल, एक नोज पिन, एक चांदी की कड़ी, दो चांदी कटला, 8 चांदी की चूड़ियां, 9 जोड़ी पाजेब, 2 जोड़ी चांद सूरज सोने की, 2 जोड़ी चांद सूरज चांदी की, एक मंगलसूत्र चांदी, सहित अन्य आभूषण व 5 हजार रुपए नगदी नहीं मिले। सुबह घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों से यह भी पता लगा कि पड़ोस में ही अजय जोशी पुत्र जयप्रकाश जोशी के घर पर भी इसी तरह चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया है । उनके यहां भी आभूषण सहित 10800 रुपए गायब मिले। पीड़ित प्रदीप कुमार ने बानसूर थाने में चोरी का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।



## ग्राम पंचायत मुख्यालय के राजीव गांधी सेवा केंद्र पर होगी जनसुनवाई आज

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**



कठूमर। ग्राम पंचायत मुख्यालय के राजीव गांधी सेवा केंद्र पर माह नवंबर के प्रथम गुरुवार 03 नवंबर को सरपंच शेरसिंह मीणा की अध्यक्षता में जनसुनवाई की जाएगी। ग्राम विकास अधिकारी श्याम सुंदर गर्ग ने बताया कि ग्राम पंचायत के समस्त आमजन को अवगत कराया कि 03 नबंवर को राज सरकार के निदेर्शानुसार हर महीने के प्रथम गुरुवार को भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर जनसुनवाई होगी। जिसमें ग्राम पंचायत के समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, समस्त वार्ड पंच, हल्का पटवारी, एएनएम को जनसुनवाई में उपस्थित रहना अनिवार्य हैं।

## अमेठी जनपद के तहसील तिलोई क्षेत्र का स्कूल फैजानुल उल्लूम पब्लिक स्कूल रास्ता मऊ तिलोई अमेठी

**मरुधर विशेष /संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



आज दिनांक02/11/2022 को थाना कोतवाली मोहनगंज के फायर बिग्रेड से पहुंचे अजय कुमार सिंह फैजानुल उलूम पब्लिक स्कूल रस्ता मऊ में दिया प्रशिक्षण आग बुझाने का बच्चों व अध्यापकों को बताया तरीका की आग लगने पर कैसे बुझायेंगे अपने पास पड़ोस की भी मदद कर सकते हैं सभी ने ध्यान पूर्वक देखा और समझा कैसे खोलेंगे कैसे बंद करेंगे विस्तार से बताया गया

## राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल ने मुख्यमंत्री एवं प्रदेशाध्यक्ष को टोपी एवं सूत की माला पहनाकर किया स्वागत सम्मान

**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी**



कठूमर। खैरथल में मुख्यमंत्री राजस्थान अशोक गहलोत एवं प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह ने विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी एवं जिला महामंत्री डॉक्टर जीएस नरूका पार्षद नगर पालिका गोविंदगढ़ एवं प्रभारी दल जगत राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष श्री राजपूत सभा तहसील गोविंदगढ़ अलवर ने पहुंचकर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को गांधी टोपी पहनाकर एवं सूत की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल दुलीचंद मीणा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मणगढ़ के भगवान सहाय विजय, नवाब जोगी सेवादल के जिला उपाध्यक्ष, खैरथल नगर पालिका के पार्षद एवं कांग्रेस सेवा दल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष छंगानी जितेंद्र सिंह नरूका, विजेंद्र सिंह नरूका, गौरव सिंह आदि मौजूद रहे।

## गैलेक्सी ग्रुप ऑफ एजुकेशन एवं अर्चना फाउंडेशन द्वारा 9 नवंबर को लगेगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी**

कठूमर। उपखंड मुख्यालय के बाई पास रोड पर स्थित गैलेक्सी स्कूल कैंम्पस में 9 नवंबर बुधवार को गैलेक्सी ग्रुप ऑफ एजुकेशन एवं अर्चना फाउंडेशन द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्कूल के प्रबंधक मनोज चौधरी ने बताया कि उनके सुपुत्र हियान चौधरी का 9 नवंबर को जन्मदिन के मौके पर खेड़ली बाईपास रोड गैलेक्सी स्कूल में स्वैच्छिक रक्तदान 10:00 से 4:00 तक शिविर का आयोजित किया जाएगा। सभी रक्तवीरों को डोनर कार्ड, सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा।



# जनकल्याणकारी योजनाओं में राजस्थान मॉडल स्टेट - अशोक गहलोत

मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी

खैरथल। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि देश में अर्थव्यवस्था की विपरीत स्थिति के बावजूद राजस्थान में कुशल वित्तीय प्रबंधन से हर क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, विद्युत, सड़क, कर्मचारी वर्ग एवं रोजगार सहित विभिन्न क्षेत्रों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं में राजस्थान मॉडल स्टेट बना है। प्रदेश में लगभग 1 करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन दी जा रही है। बजट घोषणाएं धरातल पर उतारकर हर वर्ग को लाभान्वित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री गहलोत बुधवार को अलवर जिले के खैरथल में लगभग 69 करोड़ रूपए के 71 विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने में वित्त की कमी नहीं आने दी जाएगी। गहलोत ने कहा कि हमारी कोशिश है कि प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय और हैप्पीनेस इंडेक्स बढ़े। उन्होंने प्रदेशवासियों से आपसी समन्वय, प्रेम और सद्भाव से रहने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हिंसा बर्दाश्त नहीं करेंगे।

**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में राजस्थान अग्रणी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में राजस्थान स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी राज्य है। ह्यमुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजनाह्य को केंद्र सरकार देशभर में लागू करें। ताकि हर वर्ग को महंगी चिकित्सा से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि अभी तक 25.26 लाख लोग योजना के तहत चिकित्सा सुविधा ले चुके हैं। इनमें लगभग 2963 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं।

**शिक्षा, रोजगार और कर्मचारी हितों में अहम निर्णय**

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने ह्यमहात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयह्य, ह्यमुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनाह्य, ह्यराजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंसह्य सहित कई योजनाएं शुरू कर विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबल प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि अभी तक 1.30 लाख सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। लगभग 1 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन हैं। एक लाख नौकरियों की घोषणा बजट 2022-23 में की गई है। ऐसे में राजस्थान देश में सरकारी नौकरियां देने में भी अग्रणी राज्य बना है। उन्होंने बताया कि मानवीय दृष्टिकोण से पुरानी पेंशन योजना को फिर से शुरू कर राज्य कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित किया गया है।

**ईआरसीपी को मिले राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिए जाने के लिए केंद्र सरकार से लगातार मांग की जा रही है। यह 13 जिलों में सिंचाई व पेयजल आपूर्ति सुनिश्चिता के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं करेगी तो भी राज्य सरकार अपने संसाधनों से इसे आगे बढ़ाएगी।

**प्रदर्शनी का अवलोकन और लाभार्थियों से किया संवाद**

मुख्यमंत्री गहलोत ने सभा स्थल पर विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने चिरंजीवी योजना में हार्ट सर्जरी करा चुके बच्चों और अन्य योजनाओं के लाभार्थियों से आत्मीयता से बातचीत कर कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और चैक भी वितरित किए। इस पर लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। इससे पहले गहलोत ने अंबेडकर सर्किल पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उपस्थित आमजन से बातचीत भी की।




पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण में अहम निर्णय ले रही है। अलग से कृषि बजट, ओल्ड पेंशन स्कीम, अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों सहित अनेक फैसलों से आमजन को संबल मिला है। राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष दीपचंद खेरिया ने कहा कि राज्य की नीतियों से हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। पिछले चार वर्षों में क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हुआ है। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और राज्य कर्मचारियों ने अहम फैसलों के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

**इनका किया उद्घाटन**

मुख्यमंत्री गहलोत ने किशनगढबास विधानसभा क्षेत्र में 10 करोड 21 लाख 8 हजार रुपए की राशि से बने राजकीय सैटेलाइट अस्पताल खैरथल, 1 करोड 85 लाख रुपए की लागत से पीएचसी बघाना कोटकासिम, पीएचसी बूढी बावल कोटकासिम, पीएचसी तिगांवा कोटकासिम, राजकीय ब्लॉक स्तरीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कोटकासिम, प्रथम श्रेणी राजकीय पशु चिकित्सालय हरसौली के क्रमोन्नत होने पर, 12 लाख रुपए की लागत से बने राजकीय पशु चिकित्सालय नांगल सालिया, उप तहसील हरसौली व खैरथल का तहसील में क्रमोन्नत होने पर, नगर पालिका कोटकासिम, 1 करोड 89 लाख 43 हजार रुपए की लागत से बने 33 केवी जीएसएस खैरथल अनाज मण्डी, सहायक अभियन्ता कार्यालय हरसौली के क्रमोन्नत होने पर, आचार्य संस्कृत महाविद्यालय कोटकासिम के क्रमोन्नत होने पर, किशनगढबास में जाटों की ढाणी व दौंगडा में नवीन प्राथमिक विद्यालय एवं कोटकासिम में रायपुर जाटान में नवीन संस्कृत प्राथमिक विद्यालय, किशनगढबास के घाटी का बास व सपेरा बस्ती एवं कोटकासिम के कासिमपुर व लाडपुर में स्कूल का उच्च प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत होने पर, कोटकासिम के नीमलाका, खरोला, डालावास, गिरवास, गिरवास कंजरान, अहीर बासना, गुर्जरीबास व किशनगढबास के तनहोली, राताखुर्द, मिजार्पुर, जाटका, खोहागांव, बालिका आनन्द नगर, सिवाना, पाटन मेवान, शेखपुर, टहटडा, तितरका, ओदरा, चामरोदा, बालिका ईस्माइलपुर एवं बालिका खानपुर मेवान स्कूल का माध्यमिक से उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत होने पर, किशनगढबास के गंज, आनन्द नगर, खैरथल, घासोली, ईस्माइलपुर, बाघोडा, राताखुर्द एवं कोटकासिम के हरसौली, कोटकासिम, पुर एवं जोडिया स्कूलों का महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में परिवर्तित होने पर, 16 करोड रुपए की लागत से किशनगढबास से बोलनी हरियाणा सीमा तक सडक निर्माण, 52 लाख रुपए की लागत से बघाना मेवली सडक निर्माण कार्य का, 1 करोड 42 लाख 5 हजार रुपए की लागत से बनी बास कृपाल नगर श्यामजी के गेट से हनुमान मंदिर गंज तक की सडक का, 1 करोड 15 रुपए की लागत से बनी खैरथल रोड से टांका हेडी तक सडक निर्माण कार्य कार्य तथा कोटकासिम में 44 लाख 48 हजार रुपए की लागत से बने ग्राम पंचायत भवन अकोली एवं 43 लाख 23 हजार रुपए की लागत से बने ग्राम पंचायत भवन जकोपुर, किशनगढबास क्षेत्रा में 12-12 लाख रुपए की लागत से बने पशु स्वास्थ्य उपकेंद्र कतोपुर व राताखुर्द तथा 35 लाख रुपए की लागत से बने पशु चिकित्सालय बाघोडा के नवीन भवनों का उद्घाटन किया।

**इनका किया शिलान्यास**


मुख्यमंत्री गहलोत ने किशनगढबास विधानसभा क्षेत्र में 1 करोड 85 लाख रुपए की स्वीकृत लागत के पीएचसी बाघोडा, 8 लाख रुपए की स्वीकृत लागत के आयुर्वेद किशनगढबास भवन, 4 करोड 40 लाख रुपए की लागत के पीएचसी के सीएचसी बीबीरानी में क्रमोन्नत होने पर, 41 लाख रुपए की लागत के उपकेंद्र खेडा किशनगढबास, 16 करोड रुपए की लागत के राजकीय कृषि महाविद्यालय एवं कृषि फार्म किशनगढबास, 4 करोड 5 लाख रुपए की लागत के राजकीय महाविद्यालय खैरथल, 4 करोड 5 लाख रुपए की लागत के राजकीय कन्या महाविद्यालय किशनगढबास, 1 करोड 27 लाख रुपए की लागत के किशनगढबास से हनुमान मंदिर तथा 1 करोड 5 लाख रुपए की स्वीकृत लागत के सीसी रोड निर्माण कार्य अलवर-दिल्ली बाईपास से पप्पी की होटल होते हुए खेल स्टेडियम तक वार्ड नं. 20 का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली, उद्योग मंत्री शकुन्तला रावत,जिला प्रमुख बलबीर सिंह छील्लर, राजस्थान मेवात विकास बोर्ड के अध्यक्ष जुबेर खान, घूमन्तु कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष उर्मिला योगी, राजगढ-लक्ष्मणगढ विधायक जौहरी लाल मीणा, आदर्श नगर विधायक रफीक खान, रामगढ विधायक सफिया खान, तिजारा विधायक संदीप यादव, नगर विधायक वाजिब अली, जिला बीसूका उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा, पूर्व सांसद डॉ. कर्णसिंह, पूर्व विधायक कृष्ण मुरारी गंगावत, सरस डेयरी चैयरमेन विश्राम गुर्जर, राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य वन्दना व्यास, संभागीय आयुक्त अतर सिंह नेहरा, पुलिस महानिरीक्षक रेंज जयपुर उमेश दत्ता, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, पुलिस अधीक्षक भिवाडी शांतनु कुमार सिंह, पी सी सी सचिव ललित यादव,कांग्रेस कार्यकताओं अंजली यादव,मेजर कविता यादव, प्रधान बीपी सुमन, जसाई सरपंच वीरेंद्र शर्मा,राजवाड़ा सरपंच रजनी मामचंद चौधरी, विनोद कुमारी सांगवान व दौलतराम जाटव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# हर समस्या का समाधान है पुरुषार्थ, प्रार्थना और प्रतीक्षा - बापू

## अहिल्या, शबरी, विभीषण की लम्बी प्रतीक्षा का प्रतिफल था प्रभु श्रीराम के दर्शन





नाथद्वारा, । समस्या चाहे व्यक्तिगत हो, सामाजिक हो अथवा वैश्विक, मानस में उससे उबरने के तीन सूत्र बताये गये हैं, पुरुषार्थ, प्रार्थना और प्रतीक्षा ।शीतल संत मुरारी बापू ने बुधवार को मानस विश्वास स्वरूपम रामकथा के पांचवें दिन व्यासपीठ से विश्वास स्वरूपम की व्याख्या को विस्तारित करते हुए कहा कि अहिल्या, शबरी, विभीषण आदि ने प्रतीक्षा की, प्रतिफल में उन्हें प्रभु श्रीराम मिल ही गए।

उन्होंने कहा कि सांसारिक जीवनचर्या की समस्या हो या किसी प्रकार की मानसिक दुविधा, समाधान का प्रथम सूत्र पुरुषार्थ है जिसका मतलब है कि हम समाधान का जितना प्रयास कर सकते हैं, हमें करना चाहिए। करते करते जब पुरुषार्थ की पराकाष्ठा आ जाये तब परमात्मा को पुकारना चाहिए, उनसे प्रार्थना करनी चाहिए। प्रार्थना मानस का दूसरा सूत्र है जो हमें समस्या से उबारने में सहयोग करता है। पुकार की भी सीमा होती है, जब उसकी पराकाष्ठा हो जाए तब हमें धैर्य रखते हुए प्रतीक्षा करनी चाहिए और आगे का सब कुछ प्रभु पर छोड़ देना चाहिए। समस्या के हल के रूप में प्रतीक्षा आखिरी कदम है। पुरुषार्थ, प्रार्थना और प्रतीक्षा तीनों के एक होने के बाद प्राकट्य होता है और सभी समस्याओं का समाधान हो जाता है। जिस प्रकार पहले रात्रि होती है और उसके बाद सूर्य निकलता है, उसी प्रकार रावण ने पहले जन्म लिया और राम ने बाद में।

बापू ने कहा कि आज प्रतीक्षा का नितांत अभाव है। हम लोग प्रतीक्षा नहीं कर पाते। प्रतीक्षा का दूसरा अर्थ विश्वास ही है, प्रभु पर भरोसे का पर्याय है। विश्वास अजन्मा है। विश्वास से प्रेम है। विश्वास से भक्ति है। विश्वास ही ब्रह्म है। और जहां विश्वास रूपी अनन्य प्रेमार्पण है, वहां परमात्मा का प्रकट होना निश्चित है।

### भये प्रगट कृपाला, दीन दयाला कोसल्या हितकारी

कथा के पांचवें दिन प्रभु श्रीराम के जन्म के प्रसंग में श्रोता भावविभोर हो उठे। श्रीनाथजी की नगरी में चहुं ओर रामजन्मोत्सव के बधाई गान गूंजे तो श्रद्धालु बापू के मनोहारी वर्णन में ऐसे मुग्ध हुए मानो अयोध्या में श्रीराम का प्राकट्य साक्षात हो रहा हो, बापू ने प्रभु श्रीराम के जन्म की घोषणा करते हुए बधाई दी तो हजारों की संख्या में मौजूद श्रोताओं ने एक साथ हाथ खड़े कर बधाइयां गाई। करतल ध्वनि और बैण्ड बाजों की मधुर स्वर लहरियों के बीच ह्यभये प्रगट कृपाला, दीन दयाला, कोसल्या हितकारी..ह्यह्य गूंज उठा।

### बापू ने बताए सुखद दामपत्य के तीन सूत्र

व्यासपीठ से मुरारी बापू ने कहा कि आज के युग में भी हम राम राज्य के श्रीराम जैसा पुत्र पा सकते हैं, लेकिन उसके लिए हमें भी कुछ तप करना पड़ेगा। पति-पत्नी दोनों एक दूसरे को साधन नहीं, बल्कि साध्य बनाएं, क्योंकि साधन कुछ समय के बाद गौण हो जाते हैं, और यही कारण है कि आज पति-पत्नी के बीच झगड़े और विवाह विच्छेद के मामले बढ़ रहे हैं। आज महत्ती आवश्यकता है कि पति पत्नी को प्रेम करे, पत्नी पति को आदर दे और अध्यात्म व भक्ति के रूप में दोनो परम तत्व की साधना करें, अपने ईश्वर की वंदना करें, तभी राम जैसा बेटा प्राप्त होगा। लेकिन, आज यह स्थिति कही भी दृष्टिगोचर नहीं होती। उन्होंने कहा कि परमात्मा सर्व समर्थ है और वे कहीं भी प्रकट हो सकते हैं।

### कर्मयोग अवश्य करें

मुरारी बापू ने कहा कि व्यक्ति चाहे कितनी ही शास्त्रों की चर्चा कर ले, लेकिन कर्मयोग अवश्य करना चाहिए। प्रत्येक को अपना उत्तरदायित्व निभाना चाहिए। अपने ईष्ट की उपासना अवश्य करनी चाहिए। पुरुषार्थ के रूप मे सब कुछ करते हुए भी जब तक आत्म बोध ना हो तब तक मुक्ति नहीं होगी। जिसको बोध प्राप्त हो जाता है उसे हम बुद्ध पुरुष कहते हैं।

### विश्वास का जन्म नहीं होता

बापू ने कहा कि शिव बहुत बड़ा विश्वास है। विश्वास का कोई अंत नही होता है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी भाषा में विश्वास स्वरूप की गूढ़ व्याख्या नहीं की जा सकती है, क्योंकि शब्द ब्रह्म भी है और भ्रम भी है। बापू ने कहा कि हमें गलती को भी गुरु बनाना चाहिए। जो व्यक्ति गलतियों से सीख नहीं लेता, यह गलती का भी अपमान है। विश्वास का कोई विकल्प नहीं है। गुरु वेदांत के सद्वचन में विश्वास करना श्रद्धा है और श्रद्धा विश्वास से पैदा होती है।

### शिव ही विश्वास हैं

विश्वास के कोई मां या बाप नहीं होते हैं, बल्कि वह स्वयंभू होता है। विश्वास स्वयं महादेव है। विश्वास से ही प्रेम और भक्ति होती है। विश्वास प्रतीति नही मांगता। विश्वास को संस्कृत में मीमांसा कहते हैं और इसे खरीदा नहीं जा सकता। विश्वास मान-अपमान से परे होता है। विश्वास उदासीन होता है। विश्वास एक लिफ्ट है जो हमें उंचाइयां प्रदान करता है। जहां संशय नहीं होता है वहां विश्वास होता है। विश्वास योगी होता है भोगी नही, इसलिए शिव एवं श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा गया है। विश्वास कोई पर्दा नहीं रखता, बल्कि वह जैसा है वही प्रस्तुत होता है।

# नीमला में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुलने से सुलभ होगा उपचार

जमवारामगढ। चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग ने जमवारामगढ विधानसभा क्षेत्र की आंधी पंचायत समिति के नीमला ग्राम पंचायत मुख्यालय के उप स्वास्थ्य केंद्र नीमला को राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने के आदेश जारी किए है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दीपोत्सव पर जयपुर जिले के नीमला गांव में राजकीय प्राथमिक केंद्र खोलने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल करते हुए चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त शासन सचिव निमिषा गुप्ता ने उप स्वास्थ्य केंद्र नीमला को राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नीमला को चिकित्साधिकारी के पद सहित क्रमोन्नत करने के आदेश जारी किए है। चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त शासन सचिव ने नव क्रमोन्नत राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नीमला में चिकित्साधिकारी का एक पद,नर्स श्रेणी द्वितीय के दो पद,महिला स्वास्थ्य दर्शिका का एक पद,महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता एक पद,फार्मासिस्ट का एक पद,लेब टेक्नीशियन एक पद,वार्ड ब्वाय दो पद,सफाई कर्मचारी एक पद व एक पद मशीन विद मेन का स्वीकृत किया है। अस्पताल में पूर्व स्वीकृत महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के अतिरिक्त दस नवीन पद स्वीकृत किए गए है। राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कुल पदों की संख्या 11 होगी।

संयुक्त शासन सचिव ने निदेशक,जन स्वास्थ्य सेवाए,राजस्थान को दिशानिर्देश दिए है कि सफाई कर्मचारी पद का कार्य आउटसोर्सिग के माध्यम से निर्धारित प्रावधान एंव नियमों के अनुसार तथा मशीन विद मैन की सेवाए विभाग की ओर से समय समय पर जारी परिपत्रो के अनुसार प्राप्त करने के निर्देश दिए है ।चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग की शासन सचिव ने क्रमोन्नत चिकित्सा संस्थान में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए राज्य विधि बजट मद पीएचसी में से उपलब्ध कराया जाएगा। चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग के आदेश के बाद शिघ्र ही नव क्रमोन्नत राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नीमला अस्तित्व में आ जाएगा।

जमवारामगढ उपखंड में जयपुर जिले की अंतिम सीमा पर है। नीमला ग्राम पंचायत का एक हिस्सा अलवर जिले की सीमा से तो दूसरा हिस्सा दौसा जिला की सीमा से सटा हुआ है। नीमला ग्राम पंचायत काफी बडी ग्राम पंचायत थी। नीमला में से राम्यावाला व डगौता नवीन ग्राम पंचायतें बनायी गयी है। तीनो ग्राम पंचायतो का मुख्य केंद्र नीमला है।

### एक दर्जन से अधिक गांवो को मिलेगा फायदा

नीमला ग्राम पंचायत मुख्यालय से सटे श्रीरामगोपालपुरा,सिंहपुरी,किलचपुरी, डगौता,बास्सी,कालीबिरकडी,राम्यावाला,नेतावाला,किशनावाला,शेखावाला,श्रीनगर,थली,गुवाडा,रायवाला,रासावाला सहित अनेक ढाणियो की करीब बीस हजार से अधिक आबादी को राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुलने का लाभ मिलेगा।

**पहाड़ी क्षेत्र के लोगो को उपचार की समस्या से मिलेगी निजात**

नीमला,थली,डगौता व राम्यावाला ग्राम पंचायतें वन्यजीव अभयारण्य जमवारामगढ का हिस्सा है। दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र होने से स्वास्थ्य सेवा इस इलाके में सर्वाधिक कमजोर थी। राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुलने से मौसमी बीमारियों व सामान्य बीमारियो का उपचार संभव हो जाएगा। अस्पताल नही होने से ग्रामीणों को उपचार के लिए दौसा,आंधी या जयपुर जाना पड़ता है।

### मुख्यमंत्री व विधायक का जताया आभार

नीमला ग्राम पंचायत मुख्यालय पर राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने पर आंधी प्रधान मानसी मीना,कांग्रेस नेता पूर्व जिला परिषद सदस्य रामजीलाल मीना डगौता,पूर्व सरपंच नीमला रामौती मीना, कांग्रेस कार्यकर्ता मुकेश मीना राम्यावाला सहित बडी संख्या में क्षेत्र के कांग्रेसजनो व आम जनता ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व जमवारामगढ विधायक गोपाल मीना का आभार जताया है। नीमला ग्राम पंचायत मुख्यालय विधानसभा क्षेत्र के तीन जिलो की सीमा पर है। पहाड़ी एंव दुर्गम क्षेत्र होने से आमजन को उपचार में भारी असुविधा हो रही थी। नीमला व आसपास के इलाके के सवार्गीण विकास के कृत संकल्पित रहूंगा।

**गोपाल मीना**
**विधायक,जमवारामगढ।**

नीमला में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुलने से वर्षों पुराना सपना साकार होता नजर आ रहा है। यह स्वास्थ्य के क्षेत्र में ग्रामीणों के लिए बहुत बडा कदम है। विधायक व मुख्यमंत्री का बहुत बहुत आभार।

रामजीलाल मीना,पूर्व जिला परिषद सदस्य एंव वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता।

## शिक्षा विभाग द्वारा RKSMBK आकलन के द्वितीय चरण का आयोजन होगा आज से

मरुधर विशेष /नरेन्द्र शास्त्री

उदयपुर_ राजस्थान शिक्षा निदेशालय द्वारा संचालित कार्यक्रम फ्ब्ररटइड द्वितीय आकलन परीक्षा का आयोजन आज से शुरू होगा` किरण विश्नोई ने बताया की शिक्षा विभाग द्वारा संचालित यह कार्यक्रम 3 नवंबर से 5 नवंबर तक सभी राजकीय विधालयों मे संचालित होगा` किरण विश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया की राज्य के समस्त राजकीय विधालयों मे ये परीक्षा सुबह साढ़े 10 से साढ़े 11 एक घंटे निर्धारित की गई है` कक्षा 6 से 8 के लिए ओसीआर अलग से देय होगी` सभी बच्चे शत प्रतिशत उपस्थित हो ये जिम्मेदारी संस्था प्रधान सुनिश्चित करेगा`

## डॉक्टर पंकज गुप्ता ने कालीमोरी पुल के पास दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल अज्ञात युवक को अपनी कार में ले जाकर ट्रॉमा सेंटर में कराया भर्ती

मरुधर विशेष चीफ रिपोर्टर युवराज शर्मा



आज दिनाक 2 नवंबर 2022 को शाम 6 बजे कालीमोरी पुल के पास सरदाना हॉस्पिटल के सामने कोई अज्ञात वाहन एक पैदल युवक को टक्कर मार गया जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया, वहा पर भीड़ लग गई तभी डॉक्टर पंकज गुप्ता जो आज ही विदेश यात्रा से लोटे थे और अलकापुरी स्थित अपने आवास पर जा रहे थे ने भीड़ देख कर गाड़ी रोकी फिर पूछताछ के बाद बिना समय गवाए उक्त अज्ञात युवक को अपनी कार में ले जाकर ट्रॉमा सेंटर में कराया भर्ती, उनके साथ रिटायर्ड पुलिस कर्मी मनोज कुमार शर्मा और विक्रम सिंह मीना ने सहायता कर उक्त युवक को गाड़ी में लिटाया और हस्पताल पहुंचा कर युवक की जान बचाई।

## अमेठी पुलिस का बहुत ही सराहनीय कार्य, पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया

मरुधर विशेष /संवाददाता शिवकुमार मौर्य




अमेठी - जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 02.11.2022 को उ0नि0 जय करन सिंह थाना मोहनगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वस्तु वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 319/22 धारा 363, 366 भादवि व 16/17 पॉक्सो एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त धरमराज पासी पुत्र दुलारे उर्फ रामदुलारे निवासी ग्राम छोटी लोधवरिया तिलोई थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष को तिलोई 200 बेड रेफरल अस्पताल के पास से समय करीब 11:00 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्त के संबंध में थाना मोहनगंज द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## अमेठी ग्राम सभा भदसाना में पशुचर भूमि पर कई वर्षो से लहरा रही धान,गेहूं की फसलें ग्रामीणों द्वारा कई बार तहसील तिलोई में शिकायतों के बाद भी प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी,दबंगो द्वारा फिर की जा रही फसल की कटाई

मरुधर विशेष /संवाददाता शिवकुमार मौर्य

पशुचर भूमि पर दबंग भूमाफिया का कई वर्षों से कब्जा ग्रामीणों द्वारा कई बार प्रार्थना पत्र देने पर अब तक नहीं हुई कोई कार्यवाही तहसील तिलोई के अंतर्गत आने वाले ग्राम सभा भदसाना में साढ़े 4 बीघा जमीन पर दबंगों माफियाओं का कई वर्षों से कब्जा है जिस पर हमेशा धान गेहूं की फसलें उगाई जाती हैं कई बार तहसील तिलोई और पुलिस प्रशासन में प्रार्थना पत्र देने के बाद भी अभी तक इन दबंगों का कब्जा बरकरार फसल की कटाई शुरू । ज्ञात हो कि ग्रामसभा भदसाना में अरुण कुमार यादव के द्वारा पशुचरभूमि पर कब्जा किया गया है जिसको लेकर पशुओं को चराने के लिए काफी दिक्कत होती है और पशुओं को चारा भरपूर नहीं मिल पाता है इस मामले में ग्राम वासियों ने तहसील तिलोई में प्रार्थना पत्र दिया जिसमें ग्राम सभा निवासी दीपक सिंह ने लिखित प्रार्थना पत्र कई बार दिया उसके बावजूद भी गाटा संख्या 51, 24,61 व 243 पर कब्जा करते हुए कई सालों से फसल लगातार लगाई जा रही है कई बार तहसील में शिकायत करने के बावजूद भी सिर्फ जांच की जा रही है अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई वहीं पर उत्तर प्रदेश के मुख्य योगी आदित्यनाथ के द्वारा जहां पर चरागाह भूमि को खाली कराया जा रहा है वहीं पर इस जमीन पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है ऐसे में क्या पशुओं को चारे की उचित व्यवस्था हो पाएगी या दबंग भूमाफिया का बना रहेगा कब्जा बरकरार फिलहाल फसल की कटाई भी शुरू कर दी गई है। प्रशासन से कब्जा हटवाने के लिए पुनः प्रार्थना पत्र दिया गया है ऐसे में देखना है क्या होती है कार्यवाही या फिर आगे भी इस भूमि पर रहेगा दबंगों का कब्जा।



## कुशलगढ़ में आए बाहर से कपड़े बेचने वाले के विरोध में कुशलगढ़ के नगर के व्यापारी में आक्रोश

बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

कुशलगढ़ः आज कुशलगढ़ नगर के कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन ने अपनी समस्याओं को लेकर कुशलगढ़ नगर पालिका में नगर पालिका अध्यक्ष बबलू मईडा नपा उपाध्यक्ष नितेश बैरागी अधिशासी अधिकारी सोहनलाल नायक को कुशलगढ़ नगर में बाहर से आकर लगाई दुकानों वालों को हटाने को लेकर ज्ञापन सौंपा कपड़ा एसोसिएशन व्यापारी संघ ने बताया कि बाहर से आने वाले कपड़े बेचने वालों के कारण हमारा व्यापार नहीं चल पाता है पहले 2 वर्ष से कोरोना का होने के कारण व्यापार नहीं चला और अब बाहर से आए 1012 दुकानों वालों ने नगर में जगह-जगह कपड़ों की दुकान लगा दी गई है जिससे हमारा व्यापार नहीं चल पाएगा नगरपालिका उपाध्यक्ष नितेश बैरागी ने व्यापारियों को समझाइश कर कहां की उनको यहां से हटा दिया जाएगा जिस पर व्यापारियों का आक्रोश कम हुआ व्यापारियों ने कहा कि मध्यप्रदेश के थांदला से भी वहां के व्यापारियों ने इनको दुकाने नहीं लगाने दी जिससे यह लोग यहां आ गए हैं हमारा आपसे अनुरोध है कि हमारे व्यापार को देखते हुए तत्काल प्रभाव से हटा दिया जाए व्यापारी संघ के अध्यक्ष दीपक दोसी फखरुद्दीन कापड़िया संदीप नाहटा संजय गादिया अंकित चौकिलिया सहित कई व्यापारी संघ के सदस्यों ने हस्ताक्षर युक्त समस्याओं को समाधान लेकर ज्ञापन दिया



स्वत्वाधिकारी,प्रकाशक,मुद्रक, सम्पादक आर.बी.नरूका के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। सह-सम्पादक-महावीर सिंह चौहान। मो.99281-68697, 7014373732